# डंपर में घुसी कार, दो भाइयों की मौत

## कड़ी मशक्कत के बाद निकाले, सिलवानी- गैरतगंज मार्ग पर हादसा







**सिलवानी, 06 अगस्त. बेलगाम रफ्तार से दौड़ते वाहन अब लोगों की जान के दुश्मन बनते जा रहे हैं. मंगलवार देर रात स्टेट हाइवे 44 सिलवानी गैरतगंज मार्ग पर दिल दहला देने वाले हादसे में दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस 100 डायल, थाना मोबाइल मौके पर पहुंची.**

प्राप्त जानकारी स्टेट हाईवे 44 गैरतगंज सिलवानी पर सलीम ढाबा के सामने मंगलवार रात्रि लगभग 11 बजे रेत से भरे डंपर क्रमांक आरजे 17 जीबी 0397 में मारूति ईको क्रमांक एमपी 15 जेड एल 4153 पीछे से घुस गई. टक्कर में मारुति ईको वाहन सवार दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान चंद्रभान पटेल पिता नंदकिशोर पटेल 24 साल, सत्यम पटेल पिता जुगल पटेल 21 साल गौरझामर के रूप में हुई. हादसे के बाद डंपर को पुलिस थाना सिलवानी में जब्त कर खड़ा कर दिया गया है. दोनों मृतकों के शवों का बुधवार को सुबह पोस्टमार्टम किया गया.

टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए. हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर चालक ने ढाबा पर रुकने के लिए स्पीड कम की और पीछे से तेज गति से आ रही ईको वाहन पीछे से घुस गया. और डंपर में कार बुरी तरह फंस गई जो लगभग 400 मीटर घसीटती हुई चली गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मृतकों के शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है. डंपर चालक मौके से फरार बताया जा रहा है.

बताया जाता है कि दोनों भाई अपनी मारुति इको से सब्जी लेने भोपाल जा रहे थे. जब वे सिलवानी में सलीम ढाबे के पास पहुँचे, तभी एक डंपर से उनकी वैन पीछे से टकरा गई.

## दो बाइक की टक्कर में मां- बेटा घायल

**बेगमगंज.** नगर के फर्सी रोड के सामने मुख्य मार्ग पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक बाइक सवार महिला घायल हो गई जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बेटे को भी मामूली चोट आई है. बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक बाइक पर सवार होकर माँ बेटे ग्राम चौका जा रहे थे. तभी मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही दूसरी बाइक सवार द्वारा उन्हें टक्कर मार दी. जिससे महिला घायल और बेटे को भी मामूली चोट आई. वहां से निकल रहे राहगीरों द्वारा बताया गया कि दो लड़के अपनी तेजरफ्तार बाइक से दूसरी दिशा से आ रहे थे. जिन्होंने दूसरी बाइक को सामने से टक्कर मार दी. इन दिनों नगर के मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ दुकानों के फैले अतिक्रमण एवं मुख्य मार्गों पर वाहनों एवं मोटरसाइकिलों के अव्यवस्थित ढंग से खड़ी करने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है. प्रशासन से अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की मांग लोगों द्वारा की गई है.

# 85 वर्षीय दादी को पोते ने ज़मीन पर पटका

## माथे पर हुए घाव में कपड़ा ठूंस दिया, केस दर्ज

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर. 06 अगस्त. राजीवनगर मोहल्ले में एक पोते ने अपनी ही 85 साल की बुजुर्ग दादी को ज़मीन पर पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. बुजुर्ग महिला के माथे पर गहरा घाव हो गया था. जिसे आरोपी पोते ने कपड़ा ठूसकर बंद कर दिया.**

पुलिस ने आरोपी पोते प्रेम सिंह अहिरवार पर धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज किया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी बसंतीलाल अहिरवार पिता पन्नालाल अहिरवार निवासी मुरलीखेड़ी हाल निवासी राजीवनगर ने थाने में आकर जानकारी दी कि उनके बड़े बेटे प्रेम सिंह ने उनकी मां बटरी बाई जिनकी उम्र 85 वर्ष को धक्का देकर ज़मीन पर पटक दिया. जिसकी वजह से उनके माथे पर गहरा घाव हो गया. आरोपी ने बुजुर्ग महिला को अस्पताल में भर्ती करने की बजाए घर पर ही घाव में कपड़ा ठूंसकर भर दिया. जिससे उनकी जान को खतरा हो गया. वहीं पुलिस ने मामले को जांच में लिया है.

**मुरलीखेड़ी गांव में बाड़े की ज़मीन बेचने पर हुआ है विवाद**

बसंतीलाल अहिरवार मुरलीखेड़ी, गाडरखेड़ी और नरोदा गांव चौकीदार के पद पर पदस्थ थे. उन्होंने अपनी चौकीदार अपने बेटे को दे दी. उनकी मां बटरी बाई के हिस्से में मुरलीखेड़ी गांव में बाड़े की ज़मीन थी. उसमें से आधा बाड़ा आरोपी प्रेम सिंह अहिरवार में 90 हज़ार रुपए में बेच दिया. इसी बात को लेकर इनका राजीवनगर में विवाद हुआ और पोते प्रेम सिंह अहिरवार ने अपनी बुजुर्ग दादी बटरी बाई को ज़मीन पर धक्का देकर पटक दिया. गिरने पर उनका सिर पत्थर पर पड़ा और माथे पर गहरा घाव हो जाने से वह ज़ख्मी हो गईं.

**इनका कहना है**

राजीवनगर में पोते ने अपनी ही बुजुर्ग दादी को ज़मीन पर पटक दिया. जिसकी वजह से उनके माथे पर गहरा घाव हो गया. आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर



## अपर कलेक्टर मनोज ने संभाला पदभार

**रायसेन, 06 अगस्त.** नवागत एडीएम मनोज उपाध्याय द्वारा बुधवार को सुबह11 बजे कार्यभार ग्रहण कर लिया है.चार्ज संभालते ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि आपको सौंपा गया कार्य पूरी ईमानदारी से समय सीमा में पूरा करें. लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



# डुंगरिया खुर्द तक पक्की सड़क नहीं

**बारिश के मौसम में स्कूल नहीं जा पाते बच्चे**

**बम्होरी, 6 अगस्त. ग्राम पंचायत पड़रिया कला का डुंगरिया खुर्द गांव, जहां आज भी पक्की सड़क नहीं है. ग्रामीण कीचड़ में से निकलते हैं.गांव में कोई बीमार हो जाए तो सही समय पर इलाज नहीं मिलता.बच्चे कई दिन तक स्कूल नहीं जा पाते.**

गांव का प्राथमिक स्कूल भी क्षतिग्रस्त है जो कभी गिर सकता है. डुंगरिया खुर्द के लोग अब सरकार से गुहार लगा रहे हैं साहब हमारे गांव की सड़क बनवा दो. गांव के पच्चीस से तीस बच्चे तीन किमी दूर सियालवाड़ा पढ़ने जाते हैं, लेकिन सड़क में कीचड़ होने के कारण वे गांव तक नहीं पहुंच पाते हैं. विनीता यादव, राहुल, गणेश, ने बताया कि रास्ते पर कीचड़ है जिसे कारण हम स्कूल नहीं पहुंच पाते. प्रेमनारायण अहिरवार, खरगो बाई, केरा बाई ने बताया कि जब से बारिश शुरू हुई है. बम्होरी नहीं जा पा रहे. पेंशन भी नहीं निकाल पा रहें हैं. शासन को जल्द सड़क बनवाना चाहिए. अभी कुछ लोग ऐसे भी है जिनको सर्दी खांसी बुखार है समय पर इलाज नहीं मिल पाता जिसकी वजह यह सड़क है. ग्राम पड़रिया कला से गगनबाड़ा, सियालवाड़ा, डुंगरिया खुर्द के लोक निर्माण सड़क विभाग द्वारा स्वीकृत 2022 में की गई लेकिन वन अभयारण्य से निर्माण को करने की परमिशन नहीं मिली जिस कारण यह सड़क निरस्त हो गई. लोकेश मिश्रा जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि वन परिक्षेत्र में पीडब्लडी विभाग को वन विभाग अनुमति नहीं देता, लेकिन अक्सर सड़क प्रधानमंत्री सड़क अभयारण्य क्षेत्र में बनी हुई है. यह सड़क भी प्रधानमंत्री सड़क योजना से बनना चाहिए ताकि लोगों सुविधा मिल सके.

## नपा कर्मियों ने मवेशियों को पहुंचाया गौशाला

**रायसेन, 06 अगस्त.** जिला मुख्यालय पर नगर पालिका द्वारा आवारा पशुओं को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत मवेशियों को काऊ कैप्चर वाहन में गौशाला पहुंचा जा रहा है. नगर पालिका मुख्य अधिकारी सुरेखा जाटव स्वयं इस अभियान में अपनी टीम का नेतृत्व कर रही हैं. मंगलवार रात 11 बजे सड़कों पर मिले आवारा मवेशियों को काऊ कैप्चर वाहन में भरकर सुरक्षित गौशाला पहुंचाया गया. नगर पालिका ने पशुपालकों से अपील की है कि वह अपने पशुओं को घरों में बांधकर रखें उन्हें बाजार में खुला ना छोड़े.

## एक नजर में



### मंडल स्तर पर भाजपा फहराएगी तिरंगा

**सिलवानी.** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को नया बस स्टैंड पर स्थित दिगंबर प्लाजा होटल अशोका में बैठक का आयोजन किया. जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम ने बताया कि अब हमारी जिम्मेदारी अधिक है, हमें आने वाली पीढ़ी को परिस्थितियों से परिचित कराने का काम करना है. उन्होंने कहा कि अभी हमारी आजादी अधूरी है, क्योंकि इसके बाद भारत के तीन टुकड़े भारत-पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान के रूप में हो गए थे.

### महेन्द्र यादव पुन: चुने गए अध्यक्ष

**सिलवानी.** बुधवार को सिलवानी प्रेस क्लब की वार्षिक बैठक दिनेश चौरसिया के संरक्षक में संपन्न हुई. बैठक में पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया. बैठक में पत्रकारिता के गिरते मूल्यों पर चिंता व्यक्त की. सामाजिक सारोकार की खबरों को प्राथमिकता से प्रशासन के समक्ष पहुंचाने पर चर्चा की गई. बैठक में नवीन कार्यकारिणी गठित की गई. बैठक में अनुपस्थित सदस्यों को वर्चुअल जोड़कर सहमति ली गई. और महेन्द्र सिंह यादव को सर्वसम्मति से पुन: अध्यक्ष चुना गया. कार्यकारिणी में संरक्षक दिनेश चौरसिया, उपाध्यक्ष केदार सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम साहू, सचिव शिवकुमार रघुवंशी, सहसचिव शुभम साहू, संगठन मंत्री नरेश प्रतापसिंह राजपूत, सदस्य शिवकुमार साहू को सम्मिलित किया गया.

### आरओबी पर गड्ढे में गिरकर युवक घायल

**सलामतपुर.** रेलवे ओवरब्रिज पर देर रात एक युवक गहरे गड्ढे में स्कूटर का पहिया जाने के कारण गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।पीछे बैठे परिजनों को भी चोटें आई हैं. सलामतपुर पुलिस ने जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर युवक को सांची अस्पताल में भर्ती कराया है. वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर युवक को विदिशा रेफर किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की रात्रि लगभग पौने बारह बजे भोपाल से झांसी उत्तरप्रदेश हीरो प्लेजर स्कूटर यूपी93 बीएम 0774 से जा रहे आकाश देवलिया पिता गोपाल देवलिया निवासी झांसी उत्तरप्रदेश रास्ते में सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के गहरे गड्ढों में स्कूटर का अगला पहिया जाने की वजह से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. उनके साथ स्कूटर पर पीछे बैठे परिवार के सदस्यों को भी मामूली चोटें आईं हैं.



## तिरंगा यात्रा : भाजपा की हुई बैठक

**बेगमगंज, 06 अगस्त. भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर मंगलवार 12 अगस्त को संगठन द्वारा नगर में भव्य रूप से तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई.**

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट ने अध्यक्षयी उद्बोधन में तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए उसे सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी. राकेश भार्गव, कमल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिए. इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श शर्मा, मंडल महामंत्री हरीनारायण लोधी पार्षद प्रतिनिधि राजीव दुबे पार्षद प्रतिनिधि बृजेश लोधी पार्षद प्रतिनिधि रविराज, पार्षद प्रतिनिधि महेश साहू पार्षद लोकराज सिंह ठाकुर अमर सिंह शाक्य, सत्यजीत दुबे, पुरुषोत्तम कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गायत्री नगरिया, नगर अध्यक्ष राजकुमारी शाक्य, नगर मीडिया प्रभारी गोलू कडारीया, मुकेश पाटकर सहित समस्त पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि तिरंगा यात्रा देशभक्ति के रंग से ओतप्रोत रहेगी जो शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी. सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व देकर इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया.

# रक्षाबंधन पर जेल में नारियल लाना प्रतिबंधित

**बंदियों से मुलाकात के लिए दिशा-निर्देश जारी**



**रायसेन, 06 अगस्त. बंदियों के लिए पके हुए भोजन की लाने अनुमति नहीं है. केवल मौसमी फल और पैक्ड मिठाइयां, जो जेल कैंटीन से खरीदी गई हों, ले जाने की छूट दी गई है. नारियल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा.**

पूजा की थाली प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि परिजन राखी, रूमाल, चंदन और कुमकुम साथ ला सकते हैं. बीड़ी, गुटखा, तंबाकू, शराब आदि सहित कोई भी नशीला या प्रतिबंधित पदार्थ जिला जेल पठारी परिसर में लाना पूरी तरह वर्जित है. ऐसे किसी भी प्रयास को गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी. परिजन वे अपने वाहन जेल गेट के सामने खड़े न करें. इससे आवागमन में व्यवधान होता है और सुरक्षा में भी दिक्कत आती है. कैदियों से मुलाकात का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा, जिसमें पंजीकरण होगा. हर बंदी से अधिकतम 10 मिनट तक ही मुलाकात की अनुमति दी गई है. एक बार मुलाकात के बाद बंदी को दोबारा नहीं बुलाया जाएगा. इसलिए सभी परिजन एक साथ मिलें. परिजनों को अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड में से कोई एक लाना होगा.

**इनका कहना है....**

तलाशी और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, लेकिन भावनाओं का सम्मान भी हमारी जिम्मेदारी है. सभी के सहयोग से ही यह आयोजन शांति और सुव्यवस्था से संपन्न हो सकता है.

**रामकिशन चौरे अधीक्षक,**
जिला जेल पठारी रायसेन

# शहर से लेकर श्मशान घाट तक साफ-सफाई

**सीएमओ ने चलवाया विशेष सफाई अभियान**



**बेगमगंज, 06 अगस्त. नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने भारी वर्षा के बाद नगर में फैली गंदगी एवं कीचड़ की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाकर नगर के सभी वार्डों एवं विशेष तौर पर श्मशान घाट का सफाई अभियान चलवाकर युद्ध स्तर पर सफाई कराई गई.**

सीएमओ शर्मा द्वारा स्थल निरीक्षण के साथ कार्य स्थल पर खड़े होकर सफाईकर्मियों से शमशान घाट में फैली गंदगी एवं आसपास की झाड़ियां, घांस के बढ़ने से होने वाली परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से वहां की पूरी तरह से सफाई करवाई ताकि अंतिम क्रिया करने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके.

इसके अतिरिक्त नगर में अतिवृष्टि से प्रभावित हुई निचली बस्ती एवं जल भराव क्षेत्र में फैली गंदगी, कचरा -कीचड़ की सफाई के साथ -साथ स्ट्रीट लाइट व्यवस्था भी सुचारू रखने की दिशा में उल्लेखनीय पहल की है.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि उनकी पोस्टिंग हाल ही में हुई है. उनका प्रयास है कि नागरिकों को साफ सुथरा शहर का वातावरण एवं शुद्ध पेयजल मिले. ओर सभी मार्गो एवं गलियों में स्ट्रीट लाइट चालू रहकर प्रकाश व्यवस्था सुचारू ढंग से रहे ताकि किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके. हमारा प्रयास है कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मिलती रहना चाहिए.

## बांसखेड़ा में उत्पात मचा रहे 4 युवकों पर कार्रवाई

**सलामतपुर.** थाने के बांसखेड़ा गांव में लड़ाई झगड़ा कर उत्पात मचा रहे चार युवकों को ग्रामीणों की सूचना पर सलामतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. चारों ही युवकों पर धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई कर सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश किया गया है. जहां से चारों ही युवकों को जमानत पर छोड़ दिया गया है. पुलिस के अनुसार बांसखेड़ा गांव में सुनील शाक्या पिता भारत सिंह शाक्या, राजकुमार शाक्या पिता ब्रजकिशोर शाक्या, रोहित सिंह पिता नारायण सिंह और शाहरुख पिता सलीम गांव उत्पात मचा रहे थे. ग्रामीणों ने थाने में सूचना दी. सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल थाने से पुलिस बल बांसखेड़ा गांव भेजा.

# युवा गायों को पहना रहे रिफ्लेक्टिव बेल्ट

**दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नई पहल**

**सिलवानी, 6 अगस्त. विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है, जिससे सड़कों पर घूमने वाली गायों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके. अक्सर रात के समय गायें सड़कों पर दिखाई नहीं देतीं, जिससे वाहन चालकों को उन्हें समय पर देख पाना मुश्किल होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है. इसी समस्या के समाधान के लिए युवाओं ने गायों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाने का बीड़ा उठाया है.**

इन बेल्टों में विशेष चमकदार पट्टियाँ लगी होती हैं, जो अंधेरे में वाहनों की हेडलाइट्स पड़ते ही चमकने लगती हैं. राहुल नामदेव, राघवेंद्र कुशवाहा ने बताया कई गायें सड़क हादसों का शिकार हो रही हैं. हम चाहते हैं कि पशुओं की जान भी सुरक्षित रहे और वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना न करना पड़े. नगर के युवाओं की यह छोटी-सी लेकिन प्रभावशाली पहल समाज के लिए एक बड़ा संदेश है कि यदि हम चाहें तो छोटे-छोटे कदमों से भी बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं. इस दौरान राहुल नामदेव, राघवेंद्र कुशवाहा, अनिकेत पोरिया, हीरा कुशवाहा, मुकेश साहू, कार्तिक नामदेव आदि मौजूद रहे.

**सिंचाई परियोजना** ▶ बारिश में डेम के सभी गेट खुले होने के बाद भी बन गई थी विकराल स्थिति

# बीना बांध के बैकवाटर से बेगमगंज कहीं न बन जाए टापू

सईद नांदा, नवभारत

**बेगमगंज, 06 अगस्त. बहुप्रतीक्षित बहुउद्देशीय बीना परियोजना एवं फ्लाईओवर जहां एक ओर अपने अंतिम चरण में है, वहीं दूसरी ओर कुछ दिन पहले ही मूसलधार बारिश ने इसकी वास्तविक चुनौतियों और खतरों को उजागर कर दिया है.**



28 जुलाई की रात से शुरू हुई 16 घंटे की भारी वर्षा ने नगर सहित आसपास के इलाकों को गहरे संकट में डाल दिया था. बीना नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण नगर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है. जगदीश मंदिर तक पानी पहुंचने के बाद प्रशासन ने क्षेत्र की गंभीरता को देखते हुए जगदीश मंदिर क्षेत्र और माला फाटक के आसपास के रहवासियों को घर खाली करने की चेतावनी दी थी. वार्ड क्रमांक एक के स्थानीय नागरिकों ने बताया कि उन्होंने बीना नदी में पहली बार इतना ऊंचा जलस्तर देखा है. जब डेम के गेट बंद हो जायेगे,तब क्या स्थिति होगी. भारी वर्षा के चलते मडिया डैम ( राहतगढ़ वॉटरफाल ) के आठ गेट पहले से ही खुले थे, इसके बावजूद जलस्तर गॉज स्केल के अनुसार 496.00 तक पहुंच गया है.

तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि डैम पूरी क्षमता से भर दिया गया तो बेगमगंज नगर के हालात विकराल हो सकते हैं. वर्तमान में डैम में लगभग 90 मिलियन घन मीटर पानी भराव है, जबकि पूर्ण क्षमता पर 270 मिलियन घन मीटर पानी संग्रहित होगा.

**चारों तरफ पानी से घिरा रहेगा बेगमगंज...**

तकनीकी जानकारों के अनुसार ग्राम सुमेर डूब क्षेत्र में अत्यधिक प्रभावित होगा. साथ ही माला फाटक और कॉलेज के पीछे स्थित चकला के ऊपर भी पानी का बैकवाटर भरने से बेगमगंज टापू बन जाएगा.


In The Court of Civil Judge Class- I , Begumganj, District Court, Raisen
Presiding Officer: श्रीमती अन्ना ग्लोरी माहेश्वरी

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत**

(RCS A/0000007/2024)

फूल सिंह ...वादी

Vs

श्रीमती कला बाई ...प्रतिवादी

**Process id-/2025**
**पेशी दिनांक- 25/8/2025**

**प्रेषिती**

**1. दुर्जन सिंह पिता स्व. भैरो सिंह लोधी, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 2. अनिल पिता स्व. गुलाब सिंह लोधी, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 3. महाराज सिंह पिता भैरो सिंह लोधी, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 4. नारायण सिंह पिता स्व. अमर सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 5. राधा बाई पिता भैरो सिंह पत्नी सौदान सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 6. रति बाई पिता भैरो सिंह, निवासी हाल खेजड़ा, पो. चांदपुर, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र. 7. रूप सिंह उर्फ मंगल सिंह पिता भैरो सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 8. मुन्नी बाई पिता गुलाब सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 9. शुभम सिंह पिता गुलाब सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 10. जगदीश पिता भैरो सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 11. हरी ओम पिता भैरो सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 12. गोपाल सिंह पिता भैरो सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 13. हाकम सिंह पिता अमर सिंह पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र., 14. सावित्री बाई उर्फ सरस्वती बाई पिता भैरो सिंह, पता- निवासी ग्राम खेजड़ा, पो. चांदपुर, तह. गैरतगंज जिला रायसेन, म.प्र., 15. शिवराज सिंह पिता स्व. गुलाब सिंह, पता- निवासी- ग्राम टीला खुर्द, तह. गैरतगंज, जिला रायसेन, म.प्र.**

यह कि प्रार्थी फूल सिंह ने आपके विरुद्ध वाद के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं, पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपका अनुपस्थिति में किया जाएगा, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

**यह आज तारीख 28 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.**

सील

**(अन्ना ग्लोरी माहेश्वरी)**
**व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खंड बेगमगंज, जिला रायसेन म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें :-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा.